Rajasthan Police	कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व	
@dcpeastjodhpur	।। प्रेस नोट ।।	Dcp Jodhpur East

दिनांकः— 24.02.2023

- **पुलिस अभिरक्षा में बंदी सुरेश सिंह की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु ईनाम घोषित,**
- **वारदात में शामिल थे आरोपी हिमांशु मीणा उर्फ हरिकिशन उर्फ दुर्योधन व भरतसिंह मणिहारी।**

वारदात — केन्द्रीय कारागृह, जोधपुर से बंदी सुरेशसिंह जाति रावणा राजपूत निवासी दर्री पुलिस थाना गुढा एंदला व अन्य कैदी के साथ जिला पाली में पेशी करवाने के बाद भाटीया चौराहा पुलिस टीम पहुंची व सरकारी वाहन का इन्तजार करने के दौरान अज्ञात मुल्जिमानों द्वारा बंदी सुरेश सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिस पर प्रकरण संख्या 495/2021 दिनांक 18.12.2021 धारा 332, 353, 307, 302/34, 120बी भादसं व 3/25, 27 आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया था। जिसमें शरीक मुलजिमों को नामजद किया जाकर उनकी गिरफ्तारी के भरसक प्रयास किये जाने के बावजूद उनकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है। इस प्रकरण में निम्न मुलजिम वांछित है। जिनकी दस्तयाबी होना अति आवश्यक है, इनकी दस्तयाबी हेतु ईनाम की घोषणा श्रीमान् पुलिस आयुक्त, जोधपुर द्वारा आज दिनांक 24.02.2023 को की गई है। गौरतलब रहे कि पुलिस मुख्यालय द्वारा पैरोल से फरार मुख्य मुलजिम अजयपालसिंह के नाम 100000 रूपये के ईनाम की घोषणा पूर्व में की जा चुकी है।

अतः उक्त अपराधियों के संबंध में जो कोई व्यक्ति पुलिस को आसूचना देगा या दस्तयाब करवाने में सहयोग करेगा, उस व्यक्ति को वांछित अपराधी के नाम के सामने अंकित नकद पुरूस्कार प्रदान किया जावेगा।

सूचना देने वाले व्यक्ति की गोपनीयता का पूर्ण ध्यान रखा जावेगा तथा संबंधित व्यक्ति इन अपराधियों के संबंध में सूचना जरिये व्यक्तिगत रूप से, टेलिफोनिक या सोशल मीडिया यथा वाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि के जरिये सूचित कर सकता है।

क्र. सं.	नाम पता मुलजिम	ईनाम राशि
1	अजयपालसिंह पुत्र जब्बरसिंह जाति राजपूत निवासी केलावा कलां पुलिस थाना करवड़, जिला जोधपुर पूर्व	100000/— रूपये
2	हिमांशु उर्फ हरिकिशन उर्फ दुर्योधन उर्फ डैनी पुत्रश्री नवीन कुमार जाति मीणा उम्र 22 वर्ष निवासी 187सी, हुडको कॉलोनी, गांधीनगर, चितोड़गढ़	10,000/—रूपये
3	भरतसिंह पुत्र श्री जब्बरसिह जाति राजपूत निवासी मणीहारी पुलिस थाना गुढा एन्दला पाली ।	10,000/—रूपये

संलग्नः— फोटो

पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व

Ajaypal Singh @ A.P.

Bharat Singh Manihari



Himanshu Meena @ Harikishan @ Duryodhan @ Deny